सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	चैत्र 15, बुधवार, शाके 1945-अप्रेल 05, 2023 *Chaitra 15, Wednesday , Saka 1945- April 05, 2023*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

नगरीय विकास विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अप्रेल 04, 2023

संख्या प.17(19)नविवि/नियम/2019 :-राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम, 2012 के नियम 10 के उप-नियम (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 21.12.2022 को अधिक्रमित करते हुये, राज्य सरकार राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) 2022 के अधीन स्थापित होने वाले उद्यम को उक्त योजना के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी/समिति द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर उक्त नियमों के नियम 9 के उप-नियम (1) के अधीन देय प्रीमियम में 75 प्रतिशत की छूट प्रदान करती है तथा आवंटन के समय अदा किये गये 25 प्रतिशत प्रीमियम की राशि का पुर्नभरण उद्यमी/आवेदक को ऐसे उद्यम में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने पर राज्य सरकार द्वारा उक्त योजना के अधीन निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया जायेगा। किन्तु उक्त योजना में वर्णित प्रावधानों का उल्लंघन होने पर प्रदत्त की गई छूट एवं पुर्नभरण की गई राशि मय व्याज उक्त योजना के प्रावधानों के अनुसार वसूल की जायेगी।

राज्यपाल के आदेश से,

मनीष गोयल,

संयुक्त शासन सचिव-प्रथम।

01

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।